दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, गुरुवार 06 जनवरी 2022 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-04, अंक- 100

## पीएम नरेंद्र मोदी के पंजाब में सुरक्षा में हुई बड़ी चूक करीब 20 से 25 मिनट तक फ्लाईओवर पर फंसे रहे

**नई दिल्ली ( आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंजाब दौरे के दौरान सुरक्षा में हुई बड़ी चूक, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसकी जानकारी देते कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह पंजाब के भटिंडा पहुंचे जहां पुणे हेलीकॉप्टर से हुसैनीवाला स्थित राष्ट्रीय शहीद स्मारक जाना था। बारिश के चलते प्रधानमंत्री को करीब 20 मिनट तक मौसम साफ होने का इंतजार किया। जब मौसम में सुधार नहीं हुआ, तो यह तय किया गया कि वह सड़क मार्ग से राष्ट्रीय मेरीटर्स मेमोरियल का दौरा करेंगे, जिसमें 2 घंटे से अधिक समय लगेगा। पंजाब के डीजीपी पंजाब पुलिस द्वारा आवश्यक सुरक्षा प्रबंधों की आवश्यक पुष्टि के बाद वह सड़क मार्ग से यात्रा करने के लिए आगे बढ़े।हुसैनीवाला में राष्ट्रीय शहीद स्मारक से लगभग 30 किलोमीटर दूर, जब प्रधानमंत्री का काफिला एक फ्लाईओवर पर पहुंचा, तो पाया कि



कुछ प्रदर्शनकारियों ने सड़क को अवरुद्ध कर दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करीब 20 से 25 मिनट तक फ्लाईओवर पर फंसे रहे और प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर बहुत ही चिंताजनक बात है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम और यात्रा की योजना के बारे में पंजाब सरकार को पहले ही बता दिया गया था। प्रक्रिया के अनुसार उन्हें रसद, सुरक्षा के साथ-साथ आकस्मिक योजना तैयार रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था करनी होगी। साथ ही आकस्मिक योजना के मद्देनजर पंजाब सरकार को सड़क मार्ग से किसी भी आंदोलन को सुरक्षित करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा तैनात करनी होगी, जो स्पष्ट रूप से तैनात नहीं थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस सुरक्षा चूक के बाद, बठिंडा हवाई अड्डे पर वापस जाने का निर्णय लिया गया। गृह मंत्रालय ने सुरक्षा में इस गंभीर चूक का संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है । राज्य सरकार को भी इस चूक की जिम्मेदारी तय करने और सख्त कार्रवाई करने को कहा गया है ।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पंजाब के फिरोजपुर में होने वाली आज की रैली रद्द हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वापस लौट रहे हैं और केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने इस पूरे मामले पर पंजाब सरकार से रिपोर्ट मांगी है। कृषि कानून रद्द होने के बाद पीएम मोदी का यह पंजाब का पहला दौरा था, जब वे वहां के लोगों को संबोधित करते और इस रैली में पंजाब के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह को भी शामिल होना था। पंजाब के फिरोजपुर में रैली रद्द होने पर केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि कई कारणों से प्रधानमंत्री हमारे बीच उपस्थित नहीं हो रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री ने कहा है कि हम ये कार्यक्रम रद्द नहीं स्थगित कर रहे हैं ।

## ओमिक्रॉन के बढ़ते मामलों से एक्शन में मोदी सरकार

### » होम आइसोलेशन के नियमों में बदलाव

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में ओमिक्रॉन के बढ़ते संक्रमण के बाद कोरोना की तीसरी लहर दस्तक दे चुकी है। कोरोना महामारी के बढ़ते खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार ने होम आइसोलेशन की गाइडलाइन में कुछ बदलाव किए हैं। पिछले 9 दिनों में देश में कोरोना के मामले 6 गुना से ज्यादा बढ़े हैं, ओमिक्रॉन का डबलिंग रेट 3 दिनों का है। देश में कोरोना के मामले बढ़ने के बाद यह फैसला लिया गया है।

देश में कोरोना केसों में जबरदस्त बढ़ोत्तरी से केंद्र सरकार की चिंता बढ़ गई है। दिल्ली में 24 घंटे के अंदर डबलिंग रेट हो गया है। मुंबई और बंगाल में भी यही हाल है। बताया जा रहा है कि केंद्र सरकार कोरोना की तीसरी लहर को लेकर काफी चिंतित है। सरकार को चिंता इस बात की है जिस तरह डेल्टा वैरिएंट ने दक्षिण अफ्रीका के मुकाबले भारत में कहर बरपाया था, उसी तरह कहीं ओमिक्रॉन भी भारत में कहर न दिखा दे, क्योंकि अभी तक दक्षिण अफ्रीका में ओमिक्रॉन से बने हालात उतनी चिंता का विषय नहीं है। सरकार के मन में चिंता यह भी है कि ओमिक्रॉन वेरिएंट भारत में क्या असर डालेगा? और कोरोना के मामले बढ़ेंगे तो अस्पताल पर भी बोढ बढ़ेगा क्योंकि देश में अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों की संख्या काफी ज्यादा है। ऐसे में केंद्र सरकार ने होम आइसोलेशन की नई गाइडलाइन को जारी किया है। इन गाइडलाइन्स को प्रभावी रूप से अमल में लाने को लेकर राज्यों को कंट्रोल रूम दुरुस्त रखने को कहा गया है ताकि मरीज की मॉनिटरिंग राज्य सही से कर पाएं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### रैगिंग के आरोप में तेलंगाना मेडिकल कॉलेज से 6 छात्र निलंबित

**हैदराबाद (आरएनएस)।** तेलंगाना के सूर्यापेट में एक सरकारी मेडिकल कॉलेज के छह छात्रों को एक जूनियर छात्र की रैगिंग के आरोप में एक साल के लिए निलंबित कर दिया गया है। चिकित्सा शिक्षा निदेशक रमेश रेड्डी ने एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के छात्रों को एक वर्ष के लिए निलंबित करने के आदेश जारी किए। 2019-2020 बैच के छात्रों को छात्रावास भवन खाली करने का निर्देश दिया गया है। सरकारी मेडिकल कॉलेज सूर्यापेट के छात्रों को हैदराबाद के मूल निवासी प्रथम वर्ष के छात्र को रैगिंग के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। इनमें से पांच छात्रों के खिलाफ पुलिस ने एंटी रैगिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। रैगिंग की घटना 1 जनवरी की रात को हुई थी। पुलिस ने कनिष्ठ छात्र साई कुमार को एक कॉल प्राप्त करने के बाद बचाया कि कुछ वरिष्ठ छात्र परिसर से लगभग एक किमी दूर स्थित कॉलेज के लड़कों के छात्रावास में रैगिंग कर रहे हैं। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने पांचों छात्रों के खिलाफ एंटी रैगिंग एक्ट की चार अलग-अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

### ट्रक कार भिड़त में चार लोगों की मौत

**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान में भीलवाडा जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग आठ पर रायला थाना क्षेत्र में कार एवं ट्रक में भिडन्त हो जाने से चार लोगों की मौत हो गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक राजसमंद जिले के रेलमगरा के रहने वाले है जो कल रात्रि को जयपुर से कार में बैठकर राजसमंद जा रहे थे कि अजमर भीलवाडा के बीच बैरा के पास कार की ट्रक से भिडन्त हो गयी। हादसे में कार में सभी चार लोगों की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने सभी मृतकों के शवों को भीलवाडा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाकर परिजनों को इसकी सूचना दी है।

### एअर इंडिया को बड़ा झटका, कनाडा में कोर्ट ने दिए करोड़ों की संपत्ति जब्त करने के आदेश

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कनाडा की एक अदालत ने क्यूबेक प्रांत में एयर इंडिया और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) की संपत्तियां जब्त करने का आदेश दिया है। इसके तहत करीब 50 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई हैं। इन संपत्तियों को देवास मामले में रिकवरी के लिए जब्त किया गया है। देवास मल्टीमीडिया कंपनी का मामला दस साल से कोर्ट में चल रहा था। क्यूबेक की अदालत ने इस मामले में 24 नवंबर और 21 दिसंबर को दो फैसले दिए थे। इनमें एएआई और एयर इंडिया की संपत्तियां जब्त करने का आदेश दिया गया, ताकि देवास के पक्ष में रिकवरी की जा सके। इन आदेशों के बाद एएआई की करीब 6.8 मिलियन डॉलर (करीब 50 करोड़ रुपये) की संपत्तियां क्यूबेक में जब्त की गई हैं। हालांकि, एयर इंडिया की कितनी संपत्तियां जब्त हुई हैं, इसका सटीक आंकड़ा फिलहाल सामने नहीं आया है। लेकिन बताया जा रहा है कि एयर इंडिया की 30 मिलियन डॉलर से ज्यादा की संपत्तियां जब्त हुई हैं, जो क्यूबेक प्रांत में इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) के पास रखी हुई थीं।

### हत्या कर लिखा दी थी गुमशुदगी की रिपोर्ट

**सतना (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के सतना जिलें में बेटी की हत्या कर दो साल से फ़रार चल रहे एक पिता को पुलिस ने उसके घर से गत दिवस गिरफ्तार कर लिया। उसने बेटी की हत्या करने के बाद गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। बेटी के कंकाल की शिनाख्त करने के बाद वह फरार हो गया था। मामला सतना जिले के कोटर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि सात अक्टूबर 2019 को आरोपित पिता ने अपनी 17 वर्षीय नाबालिग लड़की की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने तलाश शुरु कर दी, लेकिन उसका पता नहीं चला। छह जून 2020 को धोबियाहार नाला डगडीहा में एक कंकाल मिला। कंकाल की शिनाख्त गुमशुदा नाबालिग लड़की के रूप में उसके पिता ने ही की थी। इसके बाद वह आठ जून 2020 को पिता फरार हो गया। फ़रार होने से वह संदेह के दायरे में आ गया। आरोपित ने पुलिस को बताया कि बेटी का गांव के एक युवक से अवैध संबंध था।

## अनाथ बच्चों की माई सिंधुताई सपकाल निधन श्रद्धांजलि अर्पित

**पुणे (आरएनएस)।** महाराष्ट्र की मशहूर समाज सेविका मदर टेरेसा नाम से विख्यात पदम सिंधुताई सकपाल 73 वर्ष निधन 73 वर्ष पुणे महाराष्ट्र जानी मानी समाजसेवी का कार्यकर्ता पदम से सम्मानित सिंधुताई का निधन पुणे के गैलेक्सी हॉस्पिटल में भर्ती थी अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ शैलेश पुणतांबेकर नेता हार्ड अटैक निधन हो गया। एक महीने से चल रहा था इलाज पुणे मंगलवार 8:10 आखिरी सांस। अनाथ बच्चों की मां सिंधुताई सपकाल एक भारतीय समाज सुधारक एवं अनाथ बच्चों की माई आई के नाम से प्रसिद्ध थीं। अनाथ बच्चों विशेष रुप से भारत के अनाथ बच्चों को पालने और भरण पोषण का कार्य करती थीं। 12 सौ बच्चों को गोद लिया, 206 दामाद, 36 बहू 1000 से ज्यादा पोते होती हैं। उनकी खुद की बेटी वकील है उनके द्वारा गोद लिए बच्चे सारे डॉक्टर वकील और खुद चला अनाथ आश्रम चलाते हैं। जन्म सिंधुताई महाराष्ट्र वर्धा जन्म हुआ था। शिक्षा गरीब परिवार होने के कारण पुराने कपड़े आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण उनके पिताजी मवेशी चराने के बहाने स्कूल भेजा करते थे। स्कूल में स्लेट पट्टी का खर्च भी नहीं उठा सकती थी। वे भारतीय समाज सुधारक के रूप में सेवा निरंतर करती थी। सिंधुताई की उपलब्धि और पुरस्कार 750 से भी अधिक हैं। महिला दिवस 8 मार्च 2017 में उन्हें राष्ट्रपति के हाथों नारी शक्ति पुरस्कार सम्मान भी प्राप्त हुआ। मदर टेरेसा अवार्ड से भी सम्मानित हुईं।

## एलपीजी सिलेंडर से लदे ट्रक ने बस को मारी टक्कर, 16 की मौत , 26 हुए घायल

**पाकुड़ (आरएनएस)।** पाकुड़ जिला में बुधवार की सुबह हुई भीषण सड़क हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई। हादसा लिट्टीपाड़ा- अमड़ापाड़ा, मुख्य सड़क पाडेरकोला की समीप हुआ। बस में करीब 42 लोग सवार थे।

दुर्घटना स्थल का डीसी- एसपी ने लिया जायजा

जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड के पाडेरकोला में भीषण सड़क दुर्घटना हुई है। डीसी व एसपी घटनास्थल पहुंचकर घटना का जायजा लिया।

उपायुक्त ने कहा कि घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कर




ईलाज किया जा रहा है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य टीम पूरी मुस्तैद के साथ घायलों को बेहतर ईलाज कर रही है। गंभीर रूप से घायलों को बेहतर ईलाज के लिए अन्य अस्पताल रेफर भी किया गया है।

जिला प्रशासन के द्वारा कंट्रोल रूम संचालित किया गया है, जिसका नंबर इस प्रकार है, 06435222064, 1950 एवं 9262216191

कोई भी परिजन अपने परिवार कि व्यक्ति की जानकारी इस नंबर पर ले सकते हैं। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में मातम का माहौल है, शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा दुर्घटना में मृतक के आश्रितों को एक एक लाख रुपये की अनुग्रह अनुदान राशि उपलब्ध कराया जा रहा है।

## देश में कोरोना विस्फोट: 24 घंटे में 58,097 नए मामले, 534 मरीजों की मौत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर से इंकार नहीं किया जा सकता। पिछले एक दिन में दैनिक मामलों में 56 फीसदी मामले अधिक आए हैं, वहीं संक्रमण से मौतों का आंकड़ा भी दो गुणा से ज्यादा बढ़ा है। हालांकि 15 हजार से ज्यादा लोग कोरोना संक्रमण से मुक्त भी हुए हैं, लेकिन देश में उपचाराधीन सक्रीय मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बुधवार को जारी आंकड़ो के मुताबिक पिछले 24 घंटे में कोरोना के 58,097 नए मामले सामने आए। इससे पहले 20 जून 2021 को 58,419 नए मामले सामने आए थे। बीते एक दिन में 534 लोगों की मौत दर्ज की गई है और इस प्रकार देश में संक्रमण से मौत की संख्या बढ़कर 4,82,551 हो गई है। अब तक देश में देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,50,18,358 हो गई है। वहीं इस दौरान 15,389 लोग स्वस्थ भी हुए और रिकवरी दर भी थोड़ी कम होकर 98.01 फीसदी पर पहुंच गई है। देश में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 42,174 की वृद्धि दर्ज की गई है, जो और भी अधिक चिंता बढ़ा दी है। अब देश में सक्रीय मामलों की संख्या बढ़कर 2,14,084 यानि कुल कोरोना मरीजों का 0.61 प्रतिशत हो गई है। दैनिक संक्रमण दर में लगातार बढ़ोतरी जारी है और आज यह 4.18 फीसदी है। गौरतलब है कि मंगलवार को जारी आंकड़े के अनुसार बीते 24 घंटे में कोरोना के 37,379 नए मामले सामने आए थे लेकिन बुधवार के आंकड़े के अनुसार लगभग 58 हजार मामले आए हैं जो कि कल की तुलना में लगभग 56 फीसदी से भी अधिक है।

**महाराष्ट्र में सर्वाधिक मामले-** देश में पिछले 24 घंटे में सामने आए कोरोना के 58,097 नए मामलों में सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में दर्ज किये गये। मसलन महाराष्ट्र,(18,466), दिल्ली(5,481), बंगाल(9,073), कर्नाटक(2,479),केरल(3,640) तमिलनाडु(2,731), गुजरात(2,265), राजस्थान(1,137), तेलंगाना(1,052), पंजाब(1,027), बिहार(893), ओडिशा(680), गोवा(592), आंध्र प्रदेश(334), हिमाचल में 260 मामले हैं। देश में पिछले 24 घंटे में संक्रमण से 534 मौतों में से 453 मामले केरल के और 20 मामले महाराष्ट्र के हैं। केरल सरकार ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि राज्य में मौत के 453 मामलों में से 30 पिछले कुछ दिनों में सामने आए। वहीं, मौत के 423 मामलों को केन्द्र तथा उच्चतम न्यायालय के नए दिशानिर्देशों के आधार पर कोविड-19 से मौत के मामलों में जोड़ा गया है।

**टीकाकरण 147 करोड़ के पार-** राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 147.72 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं यानि वैक्सीनेशन का आंकड़ा 147 करोड़ को पार कर गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, महाराष्ट्र, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, बिहार, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, केरल, गोवा, पंजाब और तेलंगाना में मामले में तेजी से वृद्धि देखी गई है, और यही वजह रही है कि कोरोना का आंकड़ा 58 हजार को पार कर गया।

## सीडीएस बिपिन रावत हेलिकॉप्टर दुर्घटना की जांच रिपोर्ट आई

### » राजनाथ सिंह को दी जा रही जानकारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को भारतीय वायु सेना से 8 दिसंबर को हेलिकॉप्टर दुर्घटना के कारणों के बारे में एक ब्रीफिंग दी। इस हेलिकॉप्टर हादसे में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बिपिन रावत, उनकी पत्नी और 12 अन्य सैन्यकर्मियों की मौत हो गई थी। समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय वायु सेना के एक अधिकारी की अध्यक्षता में त्रि-सेवा जांच दल ने राजनाथ सिंह को एक विस्तृत प्रस्तुति दी।

तमिलनाडु के कुन्नूर में एमआई-17वी5 हेलिकॉप्टर दुर्घटना की जांच करने वाली टीम में भारतीय नौसेना के एक वरिष्ठ हेलिकॉप्टर पायलट और एक सेना अधिकारी शामिल थे। त्रि-सेवा जांच दल ने रक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारियों को ले जाने वाले हेलिकॉप्टरों के संचालन के दौरान मानक संचालन प्रक्रियाओं को संशोधित करने के लिए कुछ सिफारिशें भी की हैं। कई सिफारिशों के बीच यह सुझाव दिया गया है कि चालक दल मास्टर ग्रीन और अन्य श्रेणी के पायलटों का मिश्रण होना चाहिए।

## गडकरी ने 14629 करोड़ रुपए की आठ बड़ी परियोजनाओं का लखनऊ से ही किया वर्चुअल लोकार्पण

### » कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस वे की रखी आधारशिला,कानपुर में सभा स्थल में नहीं जुटी भीड़

**कानपुर (आरएनएस)।** केन्द्रीय भूतल परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को लखनऊ से शहर समेत कानपुर रीजन के हाईवे मिलाकर 14,199 करोड़ की 364 किलोमीटर की 8 बड़ी परियोजनाओं की सौगात दी। खराब मौसम के कारण गडकरी का चार्टर्ड प्लेन चकेरी एयरपोर्ट पर नहीं उतर सका। इसलिए गडकरी ने लखनऊ से ही वर्चुअल लोकार्पण किया।



**मौसम के खराब होने के चलते रद्द हुआ कानपुर दौरा** - केंद्रीय भूतल परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का कानपुर दौरा बुधवार को मौसम के खराब होने के चलते रद्द हो गया। गडकरी ने बुधवार को 14629 करोड़ रुपए की आठ बड़ी परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के कार्यक्रम के लिए किदवई नगर के बाबूपुरवा स्थित सेंट्रल पार्क में आ रहे थे। कानपुर से लखनऊ एक्सप्रेस वे का शिलान्यास भी कानपुर में होना था, इसकी आधारशिला भी लखनऊ में रखी गई। इस मार्ग के बन जाने से कानपुर से 45 मिनट में लखनऊ पहुंचा जा सकेगा। साथ ही शहर में जीटी रोड पर लगने वाले जाम की समस्या के समाधान के लिए एक हजार करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित 10 किमी लंबे गोल चौराहा-रामा देवी एलिवेटेड रोड फोर लेन होगा। 108 करोड़ से बने झकरकटी समानन्तर पुल का भी लोकार्पण लखनऊ से किया गया।

इसके साथ ही हरदोई जिले के बिलग्राम से कन्नौज तक राष्ट्रीय राजमार्ग का 17 करोड़ से सुंदरीकरण, सीतापुर से कुरेन खंड तक राष्ट्रीय राजमार्ग का 506 करोड़ से चौडीकरण का कार्य होना है। इसकी आधारशिला उन्होंने रखी। एनएच दो के लेनिंग इटावा-आगरा बाईपास का लोकार्पण हुआ है। इसका निर्माण 3490 करोड़ रुपये से किया गया। इसके साथ ही अलीगढ़-कानपुर जीटी रोड के अलीगढ़ से मैनपुरी तक के चौडीकरण कार्य का लोकार्पण किया। बाबूपुरवा में आयोजित कार्यक्रम में औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना,उच्च शिक्षा मंत्री नीलिमा कटियार, सांसद सत्यदेव पचौरी,सांसद देवेंद्र सिंह भोले,विधायक अरुण पाठक,विधायक सुरेंद्र मैथानी उपस्थित रहे।

**इज्जत बचाने को हटाई गई कुर्सियां-** हालांकि कानपुर में इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भीड़ न जुटा पाना भाजपा पदाधिकारियों के लिए बड़े सवाल खड़े कर गया। आलम यह रहा कि जब लखनऊ से वर्चुअली कार्यक्रम शुरू हुआ, तब पंडाल में 500 लोग भी नहीं थे।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों को बुलाया गया था। लेकिन जब 11 बजे तक 2 हजार लोग भी नहीं पहुंचे, तो पंडाल के पीछे कुर्सियों को हटाना शुरू कर दिया गया। जिससे बड़ी संख्या में खाली कुर्सियां देखकर पार्टी की फजीहत न हो जाए। कार्यक्रम में बेहद कम भीड़ देखकर भाजपा विधायकों और पदाधिकारियों के भी चेहरे लटक गए। वहीं, कई मंडल पदाधिकारी कार्यक्रम में आगे की कुर्सी पाने के लिए भी आपस में भिड़ गए।

**कोविड गाइडलाइन की उड़ी धज्जियां** - कानपुर में तेजी से बढ़ रहे कोविड केसेस के बावजूद कार्यक्रम में कहीं भी कोविड नियमों को पालन नहीं किया गया। कार्यकर्ताओं के साथ मंच पर भी विधायक और सांसद बिना मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग के बैठे रहे। कार्यक्रम स्थल पर कहीं भी मास्क और सैनिटाइजर का वितरण तक नहीं किया गया।